# कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड

(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून –248001
ई.मेल:- mdnhmuk@gmail.com फोन / फैक्स 0135-2608646

**पत्रांक : UKHFWS/NHM/NVBDCP/2020/** 839 दिनांक : 20 जुलाई 2020

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
2. समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तराखण्ड।

**विषय –डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के लिए मा0 मुख्यमंत्री जी की विशेष अपील के अनुसार जागरूकता एवं निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक आप अवगत ही है कि वर्तमान में COVID-19 महामारी के अतिरिक्त डेंगू के फैलने की संभावना जन स्वास्थ्य के लिए एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है। इस सम्बन्ध में गत दिनों वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के लिए सघन रणनीति के अनुसार निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए है।

मा0 मुख्यमंत्री जी की ओर से डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण पर केन्द्रित एक विशेष अभियान " **हर रविवार, रहें तैयार सुबह 9 बजे, 15 मिनट ! डेंगू पर करें वार** " चलाए जाने की पहल की गयी है। इस विशेष अभियान के तहत हर रविवार के दिन, प्रातः 9 बजे, 15 मिनट तक डेंगू पर वार किए जाने के संदेश पर आधारित एक वीडियो फिल्म भी जारी की गयी है, जिसका प्रसारण Social Media तथा Electronic Media के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त संदेश को दर्शाने वाले विज्ञापन समाचार पत्रों में प्रकाशित किये जा रहें हैं व निरन्तर आगामी दिनों में प्रकाशित किए जायेगें, ताकि आम जनमानस में डेंगू को लेकर एक जागरूकता की लहर उत्पन्न हो सके और प्रत्येक नागरिक रविवार के दिन प्रातः 09:00 बजे डेंगू पर वार के लिए सामुहिक तौर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

अतः आपसे अनुरोध है डेंगू रोग की समुचित रोकथाम के लिए जन सहभागिता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से उक्त अभियान को धरातल तक क्रियान्यवित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। आपसे अपेक्षित है कि आप जनपद स्तर पर उपलब्ध समस्त प्रचार प्रसार संसाधनों का समुचित उपयोग करते हुए प्रभावी जन जागरूकता करने का कष्ट करें। उक्त कार्य में जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, ग्राम प्रधानों, शिक्षकों एवं स्वैच्छिक संस्थाओं का सहयोग प्राप्त करें ताकि मा0 मुख्यमंत्री जी के इस अभिनव पहल को साकार बनाया जा सके। आम जनमानस को जागरूक किया जाये ताकि सभी लोग हर रविवार के दिन सुबह 09:00 बजे निश्चित रूप से अपने घर व आस–पास साफ–सफाई रखें ताकि डेंगू का मच्छर उत्पन्न ना हो सके। प्रचार प्रसार को प्रभावी रूप से अमल मे लाया जाये ताकि जन जागरूकता को घर– घर तक पहुंचाया जा सके जिससे हर व्यक्ति इस अभियान में स्वेच्छा से प्रतिभाग कर सकें।

कृपया उक्तानुसार डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण के लिए संचालित इस विशेष अभियान को सफल बनाने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोपरि।**

**भवदीया**

**(सोनिका)**, भा0प्र0से0
**मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन**

पत्रांक : UKHFWS/NHM/NVBDCP/2020/ 840

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. सचिव (प्रभारी), चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. प्रभारी अधिकारी एन0वी0बी0डी0सी0पी0।

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

हर रविवार, रहें तैयार
सुबह 9 बजे,
15 मिनट ! डेंगू पर करें वार
त्रिवेन्द्र सिंह रावत
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
ध्यान से देखें
और अमल करें
डेंगू को रोका जा सकता है।
सावधानी बरतें
अपने घर के आस-पास पानी बिल्कुल भी जमा न होने दें।
घर में फूल का गमला एवं गमला रखने वाली ट्रे में पानी न ठहरने दें।
ऐसे कपडे ही पहनें जो शरीर को ज्यादा से ज्यादा ढक सकें।
बेकार बर्तन, खुली बोतलें/डिब्बे, टूटा हुआ प्लास्टिक, पुराने टायर घर में एकत्रित न करें।
कूलर का पानी नियमित रूप से बदलते रहें।
पानी की टंकी एवं खुले बर्तनों को अच्छी तरह ढक कर रखें।
और हाँ !
डेंगू के लक्षण होने पर चिकित्सक की सलाह के बिना कोई भी दवा न लें।
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।